तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

16 चितावार धाम में नवरात्रि पर 286 तेल व 35 घी ...



16 महामाया मंदिर में ज्योत प्रज्वलित



## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## आर्टिगा में गांजा परिवहन और स्विफ्ट कार में पायलेटिंग

# 125 किलो गांजा जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

थाना प्रभारी प्रमोद यादव के कुशल नेतृत्व में सरिया पुलिस को 125 किलो 7 ग्राम गांजा के साथ 5 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। जब्त गांजा की कीमत 12.50 लाख, आर्टिगा कीमत लगभग 15 लाख और नग स्विफ्ट डिजायर कार की कीमती 5 लाख, 4 मोबाइल की कीमत 95000 आंकी गई है।

जेल भेजे गए आरोपियों में पूर्णानंद सिंह उर्फ राहुल पिता दिगंबर 34 वर्ष सा पांडव नगर शहडोल, हिमांशु पिता मनोज अग्रवाल 24 वर्ष सा राजेंद्रग्राम थाना राजेंद्रग्राम जिला अनुपपुर, देवेंद्र खांडे पिता राजकुमार खांडे 23 वर्ष सा पुष्पराजगढ़ थाना राजेंद्रग्राम जिला अनुपपुर, ऋषि सिंह पिता स्व धनीराम 22 वर्ष सा राजेंद्रग्राम थाना राजेंद्रग्राम जिला अनुपपुर और विनय कुमार मर्श्राम पिता विजय कुमार 23 वर्ष सा राजेंद्रग्राम थाना राजेंद्रग्राम जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश शामिल हैं। आर्टिगा कार चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम पूर्णानंद सिंह उर्फ राहुल पिता दिगंबर 34 वर्ष सा पांडव नगर शहडोल जिला शहडोल मध्यप्रदेश का होना बताया। गवाहों के समक्ष आर्टिगा कार की तलाशी लेने पर कार के अंदर 120 पैकेट में 125 किलो 7 ग्राम गांजा मिला।



### मुखबिर की सूचना पर की घेराबंदी

प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 मार्च को पुलिस को पेट्रोलिंग जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की आर्टिगा कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 7737 में कुछ व्यक्ति उड़ीसा से गांजा लेकर शहडोल जाने वाले हैं तथा उसके आगे-आगे एक स्विफ्ट कार क्रमांक **MP** 62 **C** 1080 पायलेटिंग में चल रही है। सूचना पर भुलुमुड़ा- सरिया मेन रोड में घेराबंदी कर दोनों कार को पकड़ा गया।

### दो कार समेत मोबाइल जब्त

पायलेटिंग कर रहे स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक **MP** 65 सी 1080 के चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम ऋषि सिंह पिता स्व धनीराम 22 वर्ष सा राजेंद्रग्राम थाना राजेंद्रग्राम जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश का होना बताया। दोनों कार में बैठे पांचों आरोपियों से गांजा के बारे में पूछताछ करने पर सोनपुर, बौद्ध उड़ीसा निवासी विकास नामक युवक से गांजा खरीदकर शहडोल मध्यप्रदेश ले जाकर बिक्री करना बताए। आरोपियों के कब्जे से 125 किलो 7 ग्राम गांजा, 1 आर्टिगा कार, 1 स्विफ्ट डिजायर कार, 4 मोबाइल जब्त कर पांचों आरोपियों के खिलाफ थाना सरिया में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# नेटवर्क मार्केटिंग में फंसे युवाओं की उत्तरप्रदेश से वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नेटवर्क मार्केटिंग कार्य के लिए उत्तरप्रदेश के झाँसी जिले में ठेकेदार के चंगुल में फंसे जिले के 11 युवाओं की सुरक्षित घर वापसी कलेक्टर कुलदीप शर्मा की पहल पर हुईं। घर वापस पहुंचे युवाओं ने गुरुवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा से भेंट कर प्रशासन के प्रति आभार जताया। कलेक्टर श्री शर्मा ने उन्हें समझाया कि रोजगार के लिये बाहर जाने से पहले पुरी जानकारी लिया करें। स्थानीय स्तर पर भी रोजगार की तलाश करें।

■ कलेक्टर की पहल से मिली सफलता

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोगिया एवं चमारी के सरपंच शिव कुमार गोयल ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा को शिकायत में बताया कि उनके ग्राम पंचायत के युवा गजेन्द्र बंजारे, हुसैन घृतलहरे एवं अन्य 3 युवा को मउरानी, जिला झॉसी उत्तरप्रदेश निवासी दिनेश धुवी, रामदेव साहू द्वारा नेटवर्क मार्केटिंग का कार्य किये जाने हेतु बुलाए गए थे। पत्र में लेख किया गया था कि उक्त युवाओं के साथ मारपीट व अन्य प्रकार के वेदनाए करते हैं जिस कारण सभी युवा वापस अपने गृह ग्राम आना चाहतें हैं किंतु उनके द्वारा उक्त युवाओं को उनके गृह ग्राम आने नही दिया जा रहा था। पत्र के माध्यम से उक्त युवाओं को उनके गृह ग्राम वापस लाये जाने के संबंध में निवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था।

# 30 पौवा शराब जब्त

**बलौदाबाजार।** जिले में अवैध मदिरा के परिवहन और विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने सुहेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावन में घेराबंदी कर एक आरोपी को मोटरसाइकिल पर भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा है।



आबकारी विभाग की टीम ने बताया कि थाना सुहेला के ग्राम रावन निवासी आरोपी धीरज वर्मा द्वारा वाहन कपेशन प्लस मोटरसायकिल में परिवहन करते हुए 30 पौवा विदेशी मदिरा व्हिस्की जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य 3,600 रुपए आंका गया है। वहीं एक बाइक भी जब्त की गई है। आरोपी धीरज वर्मा के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी की भूमिका रही।

# 20 साल के बीमार युवक ने फांसी लगाकर की दी जान

**बंगोली।** खरोरा थाना अंतर्गत ग्राम बंगोली में 20 वर्षीय युवक ने अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान घनश्याम निर्मलकर 20 वर्ष पिता तरुण निर्मलकर के रूप में हुई है। बुधवार शाम करीब 6.30 बजे घनश्याम ने अपने घर के कमरे में लगे पंखे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि युवक पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ (बीमार) चल रहा था, जिसके कारण वह घर पर ही रहता था।



घटना का पता तब चला जब शाम के समय मृतक की चाची चांदनी निर्मलकर कमरे में दीप जलाने के लिए गईं। कमरे का दृश्य देखते ही उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण वहां पहुंचे, जिसके बाद तुरंत खरोरा पुलिस को सूचना दी गई।

# चेट्रीचंड्र पर्व पर शहर में निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड महोत्सव शहर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें महिलाएं, पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। सिंधी समाज में उत्साह का माहौल रहा। आयोलाल झूलेलाल जय जय झूलेलाल के जय घोष लगाते बाइक रैली में चल रहे थे। इसके पूर्व झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना के बाद नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने झंडी दिखाकर बाईक रैली को रवाना किया और स्वयं भी बाइक में सवार



होकर पूरी रैली में शामिल हुए। इस दौरान सिंधी ध्वज और भगवान झूलेलाल के पोस्टर हाथ में लेकर रैली में शामिल हुए। रैली महासती मंदिर रोड, गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक, जय स्तंभ चौक, अस्पताल चौक होते प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते मातादेवालय स्थित प्रेमप्रकाश मंदिर में रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर रैली का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ और ठंडा पेय वितरित किया गया।



आयोलाल झूलेलाल **चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं** आयोलाल झूलेलाल

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

आलमचंद हरिरमानी, इंद्रकुमार हरिरमानी, कन्हैया हरिरमानी, मोहित हरिरमानी, आशीष हरिरमानी, आयुष हरिरमानी

चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

दुनीचंद बचवानी, इंद्रकुमार बचवानी, जसपाल बचवानी, राजकुमार बचवानी, रोहित बचवानी, हितेश बचवानी, मुकेश बचवानी, विनीत बचवानी

- इंद्र हार्ड वेयर
तिल्दा कैम्प
- मुकेश ट्रेडर्स
संत कंवर राम चौक तिल्दा कैंप

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

सुंदरदास पंजवानी, विक्की पंजवानी, राकेश पंजवानी, गिरीश पंजवानी, हर्ष पंजवानी

जय अम्बे किराना स्टोर / कृष्णा ट्रेडर्स, अनाज दुकान थोक एवं चिल्हर विक्रेता, तिल्दा कैम्प

आयोलाल झूलेलाल
सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

सुनील राजपाल, गौरव राजपाल, गुरदीप राजपाल

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

हीरानंद हरिरमानी, अशोक हरिरमानी, डॉ. सुरेश हरिरमानी, अभिषेक हरीरमानी, अविनाश हरिरमानी, नक्श हरिरमानी, नीरव हरिरमानी, अवनी हरिरमानी

फर्म : हीरा क्लाथ स्टोर, मेन रोड, तिल्दा

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

राजकुमार गेलानी, पवन गेलानी, आकाश गेलानी, अमन गेलानी

फर्म: सारथी ट्रेडर्स अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकृत विक्रेता कामधेनू टीएमटी सरिया के अधिकृत विक्रेता कोहका रोड तिल्दा नेवरा

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

रोशन आहूजा, संजय आहूजा, राहुल आहूजा, लोकेश आहूजा, ऋष आहूजा, रोबी आहूजा, मानव आहूजा

विनीत : समस्त आहूजा परिवार, तिल्दा

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

दीपक मेघानी
(सह सचिव सिंधी पंचायत तिल्दा)

फर्म: OR फाइनेंस सर्विसेज स्टेट बैंक रोड तिल्दा

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

कमल निहिचलानी, सुनील निहचलानी, विनोद निहचलानी, अनीश निहचलानी, रितेश निहचलानी, मोहित निहिचलानी, प्रथम निहिचलानी

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

हरीश छत्तानी, विजय छत्तानी, अमित छत्तानी, कृष छत्तानी, पथ छत्तानी, रवि छत्तानी

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

हरिमल जेठवानी, सुनील जेठवानी, कमल जेठवानी, कृष्णा जेठवानी, प्रशांत जेठवानी

फॉर्म - हरीश क्लॉथ सेंटर मैं रोड तिल्दा कैंप

सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं

श्यामलाल तेजवानी, राजेश (संत) तेजवानी, गौतम तेजवानी, चिराग तेजवानी

फार्म - ज्ञान मेडिकल स्टोर मैं रोड तिल्दा कैंप

आयोलाल झूलेलाल **चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं** आयोलाल झूलेलाल















































जय झूलेलाल
चेट्रीचंड्र महोत्सव
हिन्दु नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्री
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत - पंजवानी परिवार


सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं
लख्-लख् वाधायूं
चंदन दास कोटवानी
मोहनलाल कोटवानी
इंद्र कुमार कोटवानी
राजेश कोटवानी
दीपक कोटवानी
विकास कोटवानी
मुकेश कोटवानी
मनीष कोटवानी
आयुष कोटवानी
शरद कोटवानी
अंशु कोटवानी
वीवयन कोटवानी
अयान कोटवानी
कुंज राजानी
भरत राजानी


सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं
लख्-लख् वाधायूं
आयोलाल झूलेलाल
श्यामलाल बालचंदानी
लक्ष्मण दास बालचंदानी
श्रीचंद बालचंदानी
विजय बालचंदानी
नितिन बालचंदानी
पंकज बालचंदानी
रवि बालचंदानी
नीरज बालचंदानी
रोशन बालचंदानी
लक्ष्य बालचंदानी..
फर्म : विजय मार्केटिंग नहरपारा, रायपुर


सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं
लख्-लख् वाधायूं
डॉ. भोजराज मोहनानी
डॉ. मुक्ता मोहनानी
नई खुशी मोहनानी
धैर्य मोहनानी
खुशी हॉस्पिटल
वार्ड क्रमांक 3 गायत्री मंदिर रोड तिल्दा


सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं
लख्-लख् वाधायूं
खेमचंद विरानी
डॉ हरीश विरानी
गोपीचंद विरानी
रमेश विरानी
सौरभ विरानी
अमन विरानी
कारण विरानी
हीरानंद चावराई
गौरव विरानी
फर्म
• पॉपुलर जनरल स्टोर नेवरा
• पॉपुलर मार्केटिंग मेन रोड तिल्दा
• पापुलर ऑटो पार्टस मेन रोड तिल्दा


आयोलाल झूलेलाल
सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं
लख्-लख् वाधायूं
कन्हैया जोतवानी
पूरन जोतवानी
भारत जोतवानी
मयूर जोतवानी
दीपक जोतवानी
अंशुल जोतवानी
नरेश जोतवानी
राहुल जोतवानी
त्रिमूर्ति बंफर सेल
विजय लॉज परिसर
तिल्दा नेवरा


सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख-लख बधाईयां
चेट्रीचंड जूं
लख-लख वाधायूं एवं
हिन्दु नववर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएं...
मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री
मा. टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री
राजकुमार भीखवानी
विजय भीगवानी
मोंटी लखवानी
कान्हा भीखवानी
श्री बाबा गारमेंट्स सिंधी पंचायत के सामने तिल्दा


आयोलाल
झूलेलाल
सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख-लख बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं
एवं
हिन्दु नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...
हरीश छाबड़ा
चेतन छाबड़ा
गौरव छाबड़ा
आदित्य छाबड़ा
ध्यान छाबड़ा
फर्म : हरीश बूट हाउस, मेन रोड तिल्दा (आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान)


सिंधी समाज के आराध्य देव
आयोलाल
झूलेलाल
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं
एवं
हिन्दु नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...
कन्हैया थावरानी
आशीष थावरानी
रजत थावरानी
अमन थावरानी
मनन थावरानी
फर्म : कन्हैया जनरल स्टोर्स, स्टेशन चौक, तिल्दा


आयोलाल
झूलेलाल
सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं
एवं
हिन्दु नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...
राम गिदलानी
विक्की गिदलानी
रोहित गिदलानी
कुनाल गिदलानी
फर्म :
गिदलानी राईस मिल, तुलसी नेवरा
तुलसी फ्यूल्स, तुलसी नेवरा


आयोलाल
झूलेलाल
सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं
एवं
हिन्दु नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रकाश खूबचंदानी
मोहित खूबचंदानी
राहुल खूबचंदानी
धुर्वी खूबचंदानी
दिवीजा खूबचंदानी
फर्म : मनीष ट्रेडर्स हेमूकालानी चौक के पास, सिंधी कैंप तिल्दा


आयोलाल
झूलेलाल
सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
अवतरण दिवस की लख्-लख् बधाईयां
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं
एवं
हिन्दु नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं...
नंदलाल लालवानी
गोबिंद बबन लालवानी
गर्वित लालवानी


समस्त प्रदेशवासियों को
आयो लाल, झूलेलाल
चेट्रीचंड्र
की हार्दिक बधाई...एवं शुभकामनाएं
ज्योति हॉस्पिटल
एवं प्रसुति गृह
24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं आपात कालीन सुविधा उपलब्ध
डॉ. ज्योति वाधवा
(प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)
आकस्मिक चिकित्सा
चिकित्सा के क्षेत्र में एक विशेषज्ञता है जिसमें चिकित्सक को गम्भीर बीमारी या चोट वाले रोगियों की चिकित्सा की व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।
ICU आपातकालीन सुविधा उपलब्ध है।
रजिस्ट्री ऑफिस के पास, सरस्वती शिशु मंदिर रोड सेतपाल नगर, तिल्दा नेवरा
मो.-7694907897, 07489512346
नोट- असुविधा से बचने के लिए फोन से अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें।


आयो लाल, झूलेलाल
समस्त प्रदेशवासियों को
चेट्रीचंड्र
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं
मा. बृजमोहन अग्रवाल
सांसद, रायपुर लोकसभा क्षेत्र
मा. लक्ष्मी वर्मा
राज्यसभा सदस्य
विनीत :-
दीपक शर्मा
जिला संयोजक, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ
रायपुर ग्रामीण

## खबर संक्षेप



### स्कूल में परोसा गया न्योता भोज

**अर्जुनी।** शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में शिक्षक हेमकुमार देवांगन ने अपनी बेटी अदिति देवांगन के जन्मदिन पर स्कूल में बच्चों को न्योता भोज में तरबूज वितरित किया परोसा। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक, शिक्षक गजपति प्रसाद ध्रुव, हेमकुमार देवांगन, समन्वयक गिरीश कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक प्रेममाया कुंजाम, माधुरी कंवर, सहयोगी कर्मचारी लता साहू, राजकुमारी वर्मा, आरती साहू एवं शिवकुमारी यादव उपस्थित थीं।

### सुशील शर्मा पुनः असम दौरे पर रवाना

**भाटापारा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पुनः असम में कांग्रेस प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार करने असम रवाना होंगे। विदित हो कि सुशील शर्मा असम प्रदेश के दरंग जिला में चुनाव प्रचार कर वापस गृह नगर आये थे। अब पुनः देहली से निर्देश प्राप्त होने पर 19 मार्च को गोहाटी रवाना होंगे। पूरे 17 दिवस तक असम प्रदेश के दरंग जिले में चुनाव प्रचार करेंगे।



### पांचवी के छात्रों को दी गई विदाई



**पलारी।** प्राथमिक शाला चांपा में कक्षा 5 वीं के बच्चों को विदाई दी गई। इस दौरान संस्था प्रभारी प्रधान पाठक अराधना वर्मा ने हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने व सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत, अनुशासन, और लगन सबसे महत्वपूर्ण गुण है। उन्होंने विद्यार्थिंयो को खूब मन लगा कर पढ़ाई करने अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करते रहने कि प्रेरणा दी। इस कार्यकम में शाला परिवार की ओर से प्रत्येक बच्चों क़ो भेंट स्वरुप बॉटल व स्वल्पहार के रूप मे नेवता भोज में खीर, पूरी, मिक्चर, चॉकलेट दिया गया। कार्यक्रम में कुसुम ब्राम्हणकर, अजय कुमार वर्मा, चित्ररेखा साहू सहित पालकगण रमा वर्मा, संतोषी वर्मा, देवमती वर्मा, आरती वर्मा, चंपा ध्रुव, रम्हीन यादव, शिव प्रसाद साहू ,जितेन्द्र घृतलहरे, हरि किसन घृतलहरे आदि उपस्थित थे।

### सशिमं के छात्रों ने चैत्र नवरात्रि पर निकाली रैली



**पलारी।** चैत्र नवरात्रि पर सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने शोभा यात्रा निकाली। इसकी अगुवाई विद्यालय के आचार्य गौकरण लाल साहू, रितु घृतलहरे, मेघा देवांगन, दिब्यानी रजक, भोलाराम बांधे ने की।

चैत्र नवरात्रि : श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भक्तिमय हुआ माहौल

# चितावार धाम में नवरात्रि पर 286 तेल व 35 घी ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावण

ग्राम भालूकोना (मोहरा) स्थित चितावार धाम में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य नवरात्रि महोत्सव एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ होकर 26 मार्च तक चलेगी। इसी क्रम में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 286 तेल एवं 35 घी ज्योति प्रज्वलित की गईं। भक्तों ने विधि-विधान से दीप जलाकर मां चितावार एवं मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। महोत्सव के अंतर्गत नवरात्रि, रामायण पाठ एवं पंडवानी कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें क्षेत्र के कलाकार एवं कथा वाचक अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी हुई है और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जय चितावार मंदिर विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी भालूकोना (मोहरा) का विशेष योगदान रहा। साथ ही स्थानीय गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।



### महामाया मंदिर में जलाये गये आस्था के ज्योत

**पलारी।** ग्राम वटगन सहित अंचल में चैत्र नवरात्रि पर गुरुवार को आस्था की ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में लीन होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने पहुंचे। महामाया मंदिर में इस वर्ष 35 ज्योत प्रज्वलित की गई, जो श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह है। सरपंच बाबूलाल बंजारे, उप सरपंच सुशीला वर्मा, जनपद सदस्य उमेश यदु, मनोज वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### सेल में बोया गया जंवारा

**सेल।** हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्रि पर्व में 55 ज्योति कलश स्थापना एवं जंवारा बोया गया हैं। गुरुवार को चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारंभ हुई। भक्तों ने आस्था एवं श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूरी करने प्रज्ज्वलित किया। पहले दिन माता का दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ग्राम पंचायत सेल द्वारा सहयोग से आस्था के साथ ज्योति कलश स्थापना एवं जंवारा बोया गया हैं। गांव के बैगा मनाराम वर्मा हैं। नौ दिनों तक अलग-अलग रूप धारण कर माता विराजमान होगी। सुबह और शाम को माता के दरबार में विशेष रूप से पूजा अर्चना की जायेगी।

# सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चॉइस सेंटर संचालकों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पुलिस ने पलारी अनुविभाग स्थित चॉइस सेंटर संचालकों का सुरक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर गुरुवार को बैठक आयोजित की। चॉइस सेंटर में दिन भर में बड़ी संख्या में लोग रकम जमा करने एवं रकम निकासी के कार्य के लिए आते हैं। इसके साथ ही इस दौरान कई संदिग्ध एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी चॉइस सेंटर के आसपास संपत्ति संबंधी अपराधों को अंजाम देने के लिए घूमते रहते हैं। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए चॉइस सेंटर संचालकों को समुचित सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देशित करना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक के दौरान चॉइस सेंटर संचालकों से अपील भी की गई की- किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि सामने आने अथवा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के चॉइस सेंटर के आसपास घूमने आदि पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### चॉइस सेंटरों में CCTV अनिवार्य

बैठक के दौरान थाना प्रभारी पलारी द्वारा समस्त चॉइस संचालकों को सेंटर प्रवेश करने वाले प्रवेश गेट एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थान में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाने निर्देशित किया गया, जिससे सेंटर आने वाले लोगों एवं सेंटर के आसपास बेवजह घूमने वाले लोगों की पहचान करने में आसानी हो। इसके साथ ही चॉइस सेंटर संचालकों को अंधेरा होने से पहले चॉइस सेंटर बंद कर अनिवार्य रूप से अपने घर जाने निर्देशित किया। अधिकांश संचालक दिन भर में विभिन्न कार्य से आए हुए पैसों को लेकर अंधेरा होने अथवा रात्रि में अपने घर आना-जाना करते हैं। रात के अंधेरे में अपराधिक तत्वों द्वारा उनके साथ लूट आदि की घटना घटित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इस कारण समस्त संचालकों को यथासंभव दिन ढलने के पूर्व अपने समस्त काम निपटाकर, अंधेरा होने से पहले ही अपने घर जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# रमजान में बड़ों के साथ बच्चे भी रख रहे रोजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





रमजान के मुबारक महीने में जहां हर कोई रोजे रख रहे हैं। वहीं बच्चे भी रोजे रख रहे हैं। सिमगा मखदूम नगर निवासी पप्पू हासम अली के साहबजाते 5 वर्ष 11 महीने वर्षीय कासिम अली ने 9 रोजे रखे उनकी बहन आ फ री न जोया अली का पुरा रोजा चल रहा है। वही उसमान मेमन की सहाबजादी 5 वर्षीय उम्मे हबीबा ने 6 रोजे रखे उनके भाई हस्सान मेमन ने 7 रोजे रखे। बच्चों ने कहा कि रोजा रखने से उन्हें भूख और प्यास का अहसास हुआ, जिससे गरीब और जरूरतमंदों की परेशानियों को समझने में मदद मिली। सिमगा के विभिन्न मोहल्लों और मस्जिदों के आस-पास के बच्चों ने भी रोजा रखकर अपने माता-पिता और समुदाय के साथ इस पवित्र माह का अनुभव साझा किया। उनके माता-पिता ने बताया कि बच्चों को रोजा रखना न सिर्फ धार्मिक शिक्षा देता है बल्कि उन्हें संयम सहानुभूति और दुसरों के प्रति संवेदनशील बनाता है।



### डॉ. कृष्ण कुमार को छत्तीसगढ़ी गजल संग्रह भेंट



**सिमगा।** अंचल के साहित्यकार चोवा राम वर्मा 'बादल' ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित अपनी छत्तीसगढ़ी गजल संग्रह गड़े कांटा पांव के को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय संरक्षक डॉ. कृष्ण कुमार नायक के निवास में मुलाकात कर भेंट किया। डॉ. नायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ी साहित्य में इस कृति को अमूल्य योगदान बताते हुए कुर्मी समाज की ओर से बधाई दी।

# 11 सूत्रीय मांग को लेकर कर्मचारियों ने किया आंदोलन



**बिलाईगढ़।** जिला के समस्त विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सारंगढ़ कलेक्टरेट में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी-अधिकारी एवं शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## महामाया मंदिर में ज्योत प्रज्वलित

**भैंसा।** ग्राम करमा के महामाया मंदिर में नवरात्रि मनाई जा रही है, जिसमे आज प्रथम दिन ज्योति प्रज्वलित कर ग्राम के सभी देवी देवताओं को मादर की थाप में न्योता दिया गया। साथ ही संध्या कालीन आरती हुई। इस वर्ष महामाया मंदिर में 17 द्वीप प्रज्वलित किए गए। यह समस्त ग्रामवासियों के उत्साह का विषय है यह औरव बड़े ही हरसोल्लास से मनाया जाता है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मोटराम धुरंधर, रामखिलावन तिवारी, रामजी वर्मा, मुरारी वर्मा, नवनीत धुरंधर, रवि तिवारी, तिलक ध्रुव, यशवंत नायक, नंद वर्मा रामाधार वर्मा, हेमनाथ वर्मा,भीखम दास, ओमकार दास कोटवार, सुरेश निषाद पंडा तथा सैकड़ो श्रद्धालू उपस्थित थे।



# कर्ज लेकर हितग्राही ने बनाया पीएम आवास, दूसरी किस्त का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के सिर पर छत देने के लिए बनाई गई है, लेकिन प्रशासनिक लेटलतीफी और तकनीकी खामियों के कारण धरातल पर यह योजना कई बार पात्र हितग्राहियों के लिए परेशानी का सबब बन जाती है। ऐसा ही एक मामला बिलाईगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत गोपालपुर में सामने आया है, जहां एक बीमार बुजुर्ग अपनी दूसरी किस्त के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।

ग्राम गोपालपुर निवासी गेंदराम साहू का प्रधानमंत्री आवास वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत हुआ था। पहली किस्त मिलने के बाद, बरसात के दिनों में ही उन्होंने अपना पुराना कच्चा मकान तोड़कर नए घर का निर्माण शुरू किया। गेंदराम ने बताया कि दूसरी किस्त मिलने में देरी के बावजूद, उन्होंने कर्ज लेकर लेटर लेवल तक दीवारों का काम पूरा कर लिया है। लेकिन आज पर्यंत उनके खाते में दूसरी किस्त की राशि नहीं आई है।

### प्रशासन से शीघ्र भुगतान की मांग

पीड़ित हितग्राही ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनके खाते में रुकी हुई दूसरी किस्त जल्द भेजी जाए। कर्जदाताओं के दबाव और अपनी बीमारी के बीच वे अब और अधिक इंतजार करने की स्थिति में नहीं हैं।



### हार्ट पेशेंट हैं हितग्राही, आर्थिक स्थिति खराब

हितग्राही गेंदराम साहू ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि वे हार्ट ऑपरेशन के मरीज हैं। उनकी आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि वे अपना इलाज कराएं या मकान बनवाएं। अस्पताल के चक्कर और ऊपर से आवास की किस्त रुक जाने से वे मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। उन्होंने बताया कि पहले उनका बैंक खाता 'होल्ड' कर दिया गया था, जिसे उन्होंने बड़ी मुश्किल से ठीक कराया, फिर भी राशि नहीं आई।

### कलेक्टर जनदर्शन में लगाई न्याय की गुहार

अपनी समस्या के समाधान के लिए गेंदराम अब जिला मुख्यालय तक दौड़ लगा रहे हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर के जनदर्शन में लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग की है, जिसका टोकन क्रमांक 2310126000866 है। हैरान करने वाली बात यह है कि उनके बाद (वर्ष 2025-26) स्वीकृत हुए कई अन्य लोगों के खातों में दूसरी किस्त पहुँच चुकी है, लेकिन गेंदराम का मामला फाइलों में अटका हुआ है।

# संडी फीडर में बार-बार बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी

जिलाबलौदा बाजार स्थिति संडी क्षेत्र में इन दिनों बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति से आमजन परेशान हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संडी फीडर में प्रतिदिन 10 से 12 बार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय ने भी नाराजगी जाहिर की है। विक्रम राय ने कहा कि लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण न केवल घरेलू कार्य बाधित हो रहे हैं, बल्कि छोटे व्यापारियों और किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में बार-बार बिजली गुल होने से लोग खासे परेशान हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बुजुर्गों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### मेंटेनेंस के नाम पर मिल रहा एक ही जवाब

उन्होंने बताया कि जब भी संबंधित अधिकारियों से इस समस्या को लेकर चर्चा की जाती है, तो उनका एक ही रटा-रटाया जवाब मिलता है कि मेंटेनेंस का काम चल रहा है। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि स्थिति में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। लोगों का कहना है कि यदि वास्तव में मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है, तो बार-बार इतनी अधिक कटौती क्यों हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना के ही बिजली काट दी जाती है, जिससे लोग अपने जरूरी कार्य भी समय पर नहीं कर पाते। किसानों को सिंचाई कार्य में भारी परेशानी हो रही है, वहीं व्यापारी वर्ग का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।


# स्टॉप डैम निर्माण बगैर सूचना बोर्ड का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

करोड़ों रुपए की लागत से स्टॉप डेम निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा सूचना बोर्ड न लगाने की मनमानी और पारदर्शिता में कमी का सामने आया हैं। निर्माण कार्य में नियमों का उल्लंघन देखा जा रहा है। सरकारी कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाए, ताकि जनता को काम की प्रकृति बजट ठेकेदार का नाम और समय सीमा की जानकारी मिल सके। क्षेत्र के लोगों ने घुलघुल में चल रहे स्टॉप डैम निर्माण कार्य में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगा रहे हैं। कार्यस्थल पर बोर्ड में परियोजना का नाम, अनुमानित लागत, ठेकेदार का नाम, कार्य करने की तिथि,कार्य पूर्ण होने की तिथि, संबंधित विभाग और अधिकारी का नाम, होना चाहिए किंतु अभी तक ठेकेदार द्वारा जानकारी बोर्ड नहीं लगाया गया है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के संरक्षण में ही ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है।

इस संबंध में कार्यपालन अभियंता कसडोल डिवीजन संतोष भदौरिया ने कहा कि मैं अभी छुट्टी में हूं एसडीओ से बात कर लेंगे।

इस संबंध में जल संसाधन विभाग के एसडीओ छन्नूलाल जांगड़े ने कहा कि गुणवत्ता पूर्वक स्टाफ डैम निर्माण करने शुरू से ही ठेकेदार को बोला गया है। कार्यस्थल पर शीघ्र ही बोर्ड लगाने को बोलता हूं।



### ग्रामीणों ने की निर्माण कार्य जांच की मांग की

यहां चल रहे स्टॉप डैम निर्माण के दौरान कहीं भी निर्माण एजेंसी का नाम काम की लागत सहित किस योजना से काम किया जा रहा है। सूचना बोर्ड न होने की स्थिति में अक्सर काम के मापदंडों की अनदेखी की जाती है और घटिया सामग्री का उपयोग होने की शिकायत आती है। क्षेत्र के जनपद सदस्य घनाराम पटेल ने बताया कि स्टॉप डैम निर्माण कार्य में शुरू से ही ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग किया गया है। जनपद सदस्य एवं ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## हिंदू नववर्ष पर रैली निकाली

**बिलाईगढ़।** ग्राम कोसीर में सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल विद्यार्थियों द्वारा हिंदू नव वर्ष रैली निकाली गई। रैली देवी मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग से लौटकर विद्यालय पहुंची। इस दौरान भव्य झांकी भी निकाली गई, जिसमें हिंदू संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य बेदराम रत्नाकर ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और हिंदू नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला।



## ट्रैफिक जांच जारी, 21 प्रकरण में 15 हजार की चालानी कार्रवाई

**बिलाईगढ़।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जिले के यातायात दल ने बुधवार को कार्रवाई की। इस दौरान कार और मोटर सायकल ड्राइविंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट नहीं पहनने और तीन सवारी आदि पर, 194 बी 1, 50/177, 130, 122, 128, 129, 179, 112, 115 आदि धारा और उनके उपधारा के तहत कुल 21 प्रकरण में 15 हजार 400 रूपये की यातायात चालानी कार्यवाही की गई। इस कार्य में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक जितेन्द्र चन्द्रा, उप निरीक्षक समेलाल सोनवानी, प्रधान आरक्षक मुकेश साहू, आरक्षक अक्षय रात्रे और सनसाई तिग्गा आदि शामिल थे।



## स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिसीयल इंटेलिजेंस के बढ़ते अनुप्रयोग पर दो दिवसीय कार्यशाला

**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में स्वास्थ्य सेवा में एआई के बढ़ते अनुप्रयोग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुदीप पॉल सहायक प्राध्यापक डिपार्टमेंट ऑफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एनआईटी रायपुर उपस्थित है। कार्यशाला के प्रारंभ में संस्थान के संचालक मनीष शुक्ला द्वारा एआई के संदर्भ में उद्बोधन कर की गई। दो दिवसीय कार्यशाला में डॉ. सुदीप पॉल ने एआई के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में वर्तमान प्रासंगिकता बढते प्रयोग एवं मानव जीवन में उपयोगिता तथा साथ ही बढ़ते प्रयोग एवं सीमाओं पर विस्तार से चर्चा की तथा व्यावहारिक उदाहरण द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि की। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में विद्यार्थियों की एआई के संबंध में विभिन्न प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं के विस्तार से उत्तर दिया गया तथा महाविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यशाला में संचालक मनीष शुक्ला द्वारा विषय विशेषज्ञ डॉ. सुदीप पॉल को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही उनके साथ उपस्थित रिसर्च स्कॉलर को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान सभी सहायक प्राध्यापक एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। एआई से संबंधित व्याख्यान के लिए विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया। दो दिवसीय कार्यशाला का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक सुश्री नेहा सिंह द्वारा किया गया।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130